उत्तरी राज्यों में तेल और डीजल का संकट :

5542. श्री सत्य प्रकाश मालवीय
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के उत्तरी राज्यों में पिछले कुछ दिनों से तेल और डीजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है तथा इससे कृषि व अन्य सामान्य कार्यों पर विपरीत असर पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन राज्यों में यह संकट था तथा संकट उत्पन्न होने के क्या कारण थे ; और

(ग) सरकार द्वारा इन राज्यों में तेल व डीजल का संकट दूर कर इसकी सामान्य आपूर्ति बहाल करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) उत्तरी क्षेत्र के राज्य हरियाणा पंजाब और उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम तथा डीजल की कुछ कमी का सामना करते रहे हैं । यह कमी अप्रैल और मई के महीनों में डीजल के लिए कृषि क्षेत्र की बढ़ी हुई जरूरतो, मथुरा रिफाइनरी की कुछ इकाइयों के आपात शटडाउन तथा आयात एवं परिवहन संबंधी कठिनाइयों के कारण हैं ।

(ग) स्थिति को काबू में करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए है :–

(1) विजाग, कांडला तथा कोयाली से बचाव आपूर्तियो की व्यवस्था की गई थी ।

(2) बनबज से पूर्वी उ. प्र के स्थानों के लिए अतिरिक्त टैंक वैगन लदानों की व्यवस्था की गई थी ।

(3) बरौनी रिफाइनरी को 20 टी.एम.टी. अतिरिक्त कच्चा तेल आबंटित किया गया है तथा कोचीन रिफाइनरी से अधिशेष एम एस उत्तरी क्षेत्र को भेजा गया था ।

(4) मई तथा जून, 1995 के दौरान मथुरा रिफाइनरी में क्रूड प्रसंस्करण अधिकतम स्तर पर करने की योजना है ।

(5) भूतल परिवहन मंत्रालय से कांडला में पी.ओ.एल. टैंकरों को प्राथमिकता बर्थिंग उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया गया है

(6) रेलवे से कांडला एवं बज-बज में टैंक वैगन लदानों में वृद्धि करने के लिए अनुरोध किया गया है ।

(7) कांडला, बम्बई और बज बज से उत्तरी क्षेत्र को एम एस एच/एस डी ब्रिंजिंग को बढ़ाने के लिए तेल कंपनियों को निदश दिए गए हैं ।

Parallel LPG Traders

5543. SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI:
DR. MURLI MANOHAR JOSHI:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the malpractices and harassment of consumers by the parallel LPG traders; if so, whether Government have set up or intend to set up any monitoring agency for the purpose;

(b) what is the number of consumers waiting for LPG, as on the 31st March, 1995 and how many are registered with the private LPG dealers;

(c) the quantity of LPG imported by private dealers in 1994 and the number of connections sold by them so far; and

(d) whether Government have any price control on the sale of private LPG?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) Some such reports have come to the notice of the Government. The State and UT Governments have been advised to ban collection of deposits by parallel marketeers without their making adequate arrangements for supply of these products. Besides, they have also been advised to verify the genuineness, antecedents and capabilities of persons/agencies intending to take up activities under the parallell marketng aystem and to take appropriate action against persons who have been found indulging in fraudulent and unfair trade practices Public have also been suitably advised and warned through press releases that they must find out the antecedents, genuineness and capabilities of concerned parallel marketeers before entering into any transaction with them. MRTP Commission also takes action against persons/firms/companies indulging in unfair trade practices.

(b) and (c) During 1994-95, parallel marketeers imported about 41.7 TMT of LPG. Under the Parallel Marketing System, private agencies are free to appoint distributors, register customers and release connections without any involvement of the Government. Such information about parallel marketteers is not maintained by the Government. However, as on 1.1.1995, there were 113.72 lakh persons on the waiting list for LPG connections. maintained by LPG distributors of Public Sector Oil Companies.

(d) The Government do not regulate the price of LPG sold by the private agencies.

तेल चयन बोर्डों के गठन हेतु मानदण्ड

5544. **श्री ईश दत्त यादव :**
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे राज्यों के नाम क्या हैं जिनमें नए तेल चयन बोर्डों का गठन किया गया है ;

(ख) पुराने तेल चयन बोर्डों को बदलने के क्या कारण हैं ; और

(ग) नए तेल चयन बोर्डों का गठन करने के लिए सरकार द्वारा कौन से मानदण्ड अपनाए गए हैं ?

पेट्रोलियम राज्य और प्राकृतिक गैस के मंत्रालय मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) :

(क) पेट्रोलियम उत्पादों के डीलरों/डिस्ट्रीब्यूटरों के शीघ्रतापूर्वक चयन के लिए सरकार द्वारा जनवरी, 1993 में निम्नलिखित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 17 राज्य/क्षेत्र स्तरीय तेल चयन बोर्डों का गठन किया गया था :—

1. आन्ध्र प्रदेश
2. बिहार
3. गुजरात दादरा और नगार हवेली
4. हरियाणा
5. हिमाचल प्रदेश
6. कर्नाटक
7. केरल और लक्ष्यद्वीप
8. मध्यप्रदेश
9. महाराष्ट्र, गोवा, दमण और द्विऊ
10. उड़ीसा
11. पंजाब
12. राजस्थान
13. तमिलनाडू, पांडीचेरी, अंडमान और निकोबार
14. उत्तर प्रदेश
15. पश्चिमी बंगाल